हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान
अधिकतम 26.4 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री


उसलापुर ओवरब्रिज ढलान की दीवार पर अनियंत्रित होकर कार लटक गई जिसे काफी देर बाद हटाया गया।

## खबर संक्षेप

### बढ़ने लगी ठंड, स्कूलों का समय बदलने की मांग

**बिलासपुर।** उत्तर से आ रही नम हवाओं के कारण सुबह और शाम ठंड बढ़ने लगी है। ऐसे में स्कूली बच्चों के समय-सारणी में बदलाव की मांग अभिभावक करने लगे हैं। पिछले वर्ष इन दिनों तक स्कूल की टाइमिंग बदल दी जाती थी। लेकिन इस वर्ष अब तक इस संबंध में ध्यान नहीं दिया जा रहा है। छोटे-छोटे बच्चे सुबह 6 बजे उठकर ठिठुरते हुए स्कूल जाने को तैयार हो रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों ने मांग की है कि दो पाली के स्कूलों को सुबह 9 से 12 बजे और 12 से 4 बजे इसी तरह एक पाली के स्कूल को सुबह 11 से 3 बजे तक करने की मांग अब अभिभावक कर रहे है। जिले में इन दिनों अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। गुरूवार को बिलासपुर का अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री रहा जो सामान्य से 1 डिग्री कम था। इसी तरह न्यूनतम तापमान 14 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 1 डिग्री कम था।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देश एवं मार्गदर्शन में 16 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रह है। यह लोक अदालत जिला न्यायालय बिलासपुर एवं अधिनस्थ समस्त तालुका न्यायालयों के साथ-साथ राजस्व न्यायालय, ट्रिब्यूनल एवं पेंशन लोक अदालत में लगेगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में मामलों के निराकरण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा जिला बिलासपुर एवं गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में न्यायिक अधिकारियों की कुल 36 खण्डपीठ तथा राजस्व न्यायालयों की कुल 46 खण्डपीठ एवं पेंशन लोक अदालत की 1 खण्डपीठ सहित कुल 83 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

### सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने अंतिम तिथि 19 तक

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी से संबद्ध सभी स्नातकोत्तर, विधि कालेजों एवं यूटीडी के सत्र 2023-24 में अध्ययनरत विषम सेमेस्टर के पात्र परीक्षार्थियों के लिए आनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि बिना विलंब शुल्क के साथ 19 दिसंबर तक है। इससे पहले सेमेस्टर परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 नवंबर तक रखी गई थी जिसे यूनिवर्सिटी ने संशोधित कर 19 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी है। इसके बाद 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ 24 दिसंबर तक आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन परीक्षा फार्म की हार्डकापी, आनलाइन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित कालेज, यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग में 25 दिसंबर तक जमा करना होगा।

### लायंस क्लब का पैर प्रत्यारोपण शिविर 17 को

**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर उत्कर्ष की सामान्य सभा 13 दिसंबर को आयोजित की गई। इसमें क्लब की अध्यक्ष डा. रश्मि जितपुरे ने बताया कि 17 दिसंबर को लायंस क्लब बिलासपुर उत्कर्ष व अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कृत्रिम जयपुर फुट के प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सचिव वीना अग्रवाल ने गत दिवस किए गए सेवा कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजिका सुधा मारदा ने बताया कि करीब 40 से 50 कृत्रिम पैर इस वर्ष वितरण करने का प्रयास किया जा रहा है। डॉ रश्मि ने बताया कि गांव- गावों में पम्पलेट भेज कर सभी को शिविर की सूचना दी जा रही है। पूर्व में लगवा चुके पैरों की मरम्मत भी की जाएगी। इस मीटिंग में डॉ शकुंतला जितपुरे, कविता खत्री, संध्या दीक्षित, भारती तिवारी व ट्विंकल आडवाणी आदि मौजूद थीं।

# लोस के कई सत्र हो गए, राज्य में नई सरकार आ गई, निगम में सामान्य सभा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले 10 माह में लोकसभा में कई सत्रों का आयोजन हो गया, राज्य में चुनाव के बाद सत्ता भी बदल गई, परन्तु बिलासपुर नगर निगम में सामान्य सभा नहीं हो सकी है, पिछले चार माह से एमआईसी की बैठक भी नहीं हुई है। ऐसे में न तो शहर विकास के कार्यों को स्वीकृति मिल रही है और न ही आम लोगों की समस्याएं दूर हो पा रही हैं।

- 4 माह से एमआईसी की बैठक भी नहीं हो सकी है

जिस तरह लोकसभा और विधानसभा में विभिन्न सत्रों का होना आवश्यक होता है, उसी तरह नगर निगम में हर दो माह के अंतराल में सामान्य सभा का आयोजन होना चाहिए। इस सामान्य सभा में एमआईसी से पास किए गए प्रस्ताव निर्णयों को रखा जाता है। सामान्य सभा में निर्धारित एजेंडों सहित जनहित व अन्य सभी मुद्दों पर चर्चा, बहस एवं सवाल-जवाब और आरोप-प्रत्यारोप भी होते हैं तथा बहुमत के आधार पर प्रस्ताव पास होते हैं। सामान्य सभा में महापौर, सभापति, नेता प्रतिपक्ष सहित सत्ता एवं विपक्ष के पार्षद, एल्डरमैन सभी शामिल होते हैं। इसके अलावा निगम कमिश्नर या उनके प्रतिनिधि तथा शासन के प्रतिनिधि के तौर पर एडीशनल कलेक्टर, संयुक्त या डिप्टी कलेक्टर भी शामिल होते हैं, लेकिन नगर निगम में सत्तारूढ़ जनप्रतिनिधि सामान्य सभा को लेकर कितने गंभीर हैं, यह इससे पता चलता है कि सामान्य सभा हुए 10 माह होने जा रहे हैं। पिछली सामान्य सभा बजट के संबंध में मार्च माह में आयोजित हुई थी, उसके बाद से अभी तक सामान्य सभा की बैठक नहीं हो पाई है। निगम में एमआईसी की बैठक कर काम चलाया जा रहा था, किन्तु एमआईसी हुए भी 4 माह होने जा रहे हैं और अगस्त माह के बाद से एमआईसी की बैठक नहीं हो पाई है।




### दो माह के अंतराल में सामान्य सभा का प्रावधान

नगर पालिक अधिनियम 1956 में निहित प्रावधानों के तहत प्रत्येक दो माह के अंतराल में सामान्य सभा होनी चाहिए। लेकिन इन प्रावधानों का पालन नहीं हो रहा है। अगर इसका पालन होता तो अब तक चार या पांच बार सामान्य सभा हो जाती। नगर निगम विपक्ष भाजपा पार्षद दल के नेता की ओर से सामान्य सभा कराने चार बार पत्र लिखा जा चुका है। लेकिन सत्तापक्ष सामान्य सभा कराने से बचते रही है।

### चुनाव के पहले भाजपा पार्षदों ने खोला था मोर्चा

विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा पार्षदों ने सामान्य सभा कराने मोर्चा खोला था। भाजपा पार्षद जनहित व विकास के मुद्दों को लेकर सदन में चर्चा करना चाह रहे थे। इसके लिए भाजपा पार्षद दल महापौर रामशरण यादव और सभापति शेख नजरूद्दीन से मिलकर सामान्य सभा कराने की मांग रखी गई थी। उनका कहना था कि वार्डों में विकास के कार्य रूके हुए हैं और अनेक समस्याएं नागरिकों द्वारा पार्षदों को बताई जाती है, जिसका निराकरण आवश्यक है। लेकिन सामान्य सभा नहीं होने से उनके सारे मुद्दे धरे के धरे रह गए और अक्टूबर माह में विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लग गया। हांलाकि अब आचार संहिता समाप्त हो चुकी है।

### फिर से पत्र लिखेंगे

नगर निगम में लंबे समय से सामान्य सभा नहीं हुई है। सामान्य सभा कराने के लिए पहले मांग की गई थी और इसके लिए पत्र भी लिखा था, किन्तु सामान्य सभा नहीं कराई गई है। अब विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में नए सरकार का गठन हो गया और सामान्य सभा कराने फिर से पत्र लिखेंगे।

**-अशोक विधानी**
नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम

### अब कराएंगे सामान्य सभा

सामान्य सभा कराने के लिए पहले भाजपा के पार्षद तैयार नहीं थे। उसके बाद विधानसभा चुनाव आ गया और आचार संहिता के कारण सामान्य सभा नहीं हो पाई। अब चुनाव निपटने के बाद सामान्य सभा कराएंगे।

**-शेख नजरूद्दीन**
सभापति, नगर निगम

## शिकायत के बाद अब प्रशासन हरकत में : सिलेंडरों की सब्सिडी के लिए कराया जा रहा है सत्यापन

# ई केवाईसी के नाम पर गैस एजेंसियों में लूट फीस के नाम पर लिए जा 100 से 150 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिलेंडरों की सब्सिडी ग्राहकों के खाते में ट्रांसफर करने सभी गैस एजेंसी में ग्राहकों का सत्यापन शुरू कर दिया गया है। ग्राहकों का सत्यापन यानी ई-केवाईसी पूरी तरह निशुल्क की जानी है, लेकिन शहर के भीतर और आउटर की एजेंसियों में खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में इसके लिए 100 से 150 रुपए प्रोसेसिंग फीस ली जा रही है। इसकी शिकायत भी प्रशासन के साथ ही पेट्रोलियम कंपनियों तक पहुंची है। अब प्रशासन ने गैस एजेंसी संचालकों की बैठक बुलाने की बात कही है और कहा जा रहा है कि ई-केवाईसी पूरी तरह से निशुल्क करना है। चेतावनी दी गई है कि अब इसके लिए किसी भी गैस एजेंसी ने ग्राहकों से पैसे लिए जाने की शिकायत मिली तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसी गैस एजेंसियों से जुर्माना भी वसूल किया जाएगा। सभी एजेंसी संचालकों से यह भी कहा गया है कि वे अपने-अपने आफिसों के सामने नोटिस चस्पा कर बताएं कि ई-केवाईसी पूरी तरह से निशुल्क की जा रही है।

- गैस एजेंसियों पर कार्रवाई की चेतावनी, जुर्माना भी वसूला जाएगा

गौरतलब है कि केंद्र सरकार के निर्देश के बाद गैस उपभोक्ताओं को उसी एजेंसी में जाना है जिस एजेंसी का उनका गैस कार्ड है। इसके लिए लोगों को अपने गैस कार्ड और आधार कार्ड की फोटो कॉपी लेकर जाना है। इसके बाद एजेंसी में आधार कार्ड की फोटो कॉपी जमा करने के साथ उपभोक्ता का थंब इंप्रेशन लिया जा रहा है। इससे यह सत्यापित किया जा रहा है कि जिसके नाम पर गैस कार्ड है उसी के खाते में ही सिलेंडर की सब्सिडी जा रही है। आधार और गैस कार्ड में नाम अलग-अलग होने पर सिलेंडर ब्लॉक किया जा रहा है।


केवाईसी जमा करने के लिए गैस एजेंसी के सामने कतार में खड़े लोग अपनी पारी का घंटों इंतजार करते रहे।

### नाम ट्रांसफर करने आवेदन बढ़े

इसके साथ ही एजेंसी संचालकों ने बताया कि अब गैस सिलेंडर में नाम ट्रांसफर करवाने वाले आवेदनों की संख्या दोगुना हो गई है। शहर में सैकड़ों लोग ऐसे हैं जिनके माता-पिता के नाम पर गैस सिलेंडर है और उनमें कई का निधन हो गया है। ऐसे ही पति-पत्नी, भाई-बहन समेत कई लोग ऐसे हैं जिनके घरों में गैस कार्ड किसी और के नाम से है। ई-केवाईसी कराने के लिए अंगूठे का बायोमीट्रिक निशान लिया जा रहा है। इसलिए गैस और आधार कार्ड में व्यक्ति का नाम एक होना चाहिए। ऐसे लोग अब गैस कनेक्शन अपने नाम पर करवाने के लिए आवेदन जमा करवा रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक जिन घरों में गैस कार्ड होल्डर की मृत्यु हो गई है वे उनका मृत्यु प्रमाण पत्र जमा कर नाम ट्रांसफर करवा सकते हैं।

### एक नाम से एक ही सिलेंडर

नए नियमों के तहत यह भी साफ हो गया है कि किसी भी घर में एक ही नाम से दो से ज्यादा सिलेंडर हैं तो दूसरा सिलेंडर ऑटोमेटिक ब्लॉक हो जाएगा। यानी एक घर में एक नाम से केवल एक ही सिलेंडर होगा। केंद्र सरकार ऐसे सभी कनेक्शन को ब्लॉक करना चाहती है जो अवैध तरीके से लिए गए हैं। सरकार के पास यह भी रिपोर्ट है कि एक नाम से लोगों ने एचपी, बीपीसीएल और इंडेन में भी गैस कनेक्शन ले लिया है। ऐसे लोगों की पहचान करने के लिए भी केंद्र सरकार ने यह नियम लागू किया है।

### एक सप्ताह से सर्वर डाउन

इसके साथ ही बड़ी समस्या सर्वर डाउन होने की है। दरअसल 31 दिसंबर तक गैस कनेक्शनधारियों को ई- केवाईसी करना जरूरी हो गया है लेकिन पिछले एक सप्ताह से सर्वर डाउन होने के कारण समस्या आ रही है और कई जगहों पर घंटो कतार में खड़े रहने के बाद भी कनेक्शनधारियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। सरकंडा के शारदा गैस एजेंसी में ई केवाईसी के लिए पहुंची ममता श्रीवास ने बताया कि सारा काम छोड़कर आई है, लेकिन बिना काम हुए वापस जाना पड़ रहा है। इसी तरह रामकुमार कोरी ने कहा कि ई केवाईसी के लिए पहुंचे थे लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण काम नहीं हो सका।

### अब आनलाइन सुविधा भी शुरू

पैसे लिए जाने की शिकायतों के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ है। गैस कनेक्शन का ई-केवाईसी कराने के लिए लोगों को एजेंसियों तक जाने की जरूरत नहीं है। बीपीसीएल, एचपीसीएल और इंडियन ऑइल की ओर से नया मोबाइल एप लांच किया जा रहा है, जिसमें मोबाइल से ही ई-केवाईसी की जा सकती है। अभी सबसे पहले बीपीसीएल ने हैलो बीपीसीएल के नाम से एप लांच किया है। बीपीसीएल के ग्राहक प्ले स्टोर से इस एप को लोड कर घर बैठे ही अपना ई-केवाईसी अपलोड कर सकते हैं। दूसरी कंपनियां भी इसके लिए पहल कर रही हैं। जिला प्रशासन की ओर से इसके लिए हिदायत भी दी गई है।

**निशुल्क करना है केवाईसी**

सभी गैस एजेंसी वालों को ई-केवाईसी निशुल्क करना है। लोगों को इसके लिए कोई भुगतान नहीं करना है। गैस उपभोक्ता अब घर से भी एप डाउनलोड कर ई-केवाईसी पूरा कर सकते हैं। एजेंसी आने की भी जरूरत नहीं। एजेंसी संचालकों को इसकि लिए हिदायत दी जा रही है।

**- अनुराग भदौरिया,** खाद्य अधिकारी

# सागौन की तस्करी, बेरियर में गार्ड को देख भागे तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा क्षेत्र में सागौन की तस्करी रूकने का नाम नहीं ले रही है, पिछले कई सालों से क्षेत्र में तस्कर सक्रिय हैं, लेकिन ठंड और धुंध का फायदा उठाकर सागौन की तस्करी की जा रही है। कोटा के पटैता गांव में बेरियर को देख तस्कर भाग खड़े हुए, खास बात यह है कि ड्राइवर वैन समेत सागौन छोड़ चुका है, जिसकी तफ्तीश वन विभाग द्वारा की जा रही है।

- कोटा क्षेत्र के पटैता में वैन छोड़ जंगल की ओर भागा ड्राइवर
- वन विकास निगम के जंगल की ओर से आ रही थी वैन

बुधवार की रात 12 बजे कोटा क्षेत्र में सागौन से भरी वैन वन विभाग ने जब्त किया है, बताया जा रहा है कि शिवतराई से कोटा के पटैता गांव की ओर आ रहे वैन ने वन विभाग के बेरियर को देख वाहन छोड़ फरार हो गया है, ड्राइवर ने बेरियर से 100 मीटर पहले ही वाहन छोड़ जंगल की तरफ भाग खड़ा हुआ। शक होने पर वन विभाग के कर्मचारियों ने वैन की जांच की जिसमें सागौन के लट्ठे रखे गए थे, कर्मचारियों ने एसडीओ को इसकी सूचना दी। वहीं वैन क्रमांक सीजी 10 एफ 7098 में रखे 12 नग यानी 0.597 घनमीटर सागौन की जब्ती बनाई गई है। वन विभाग द्वारा बिलासपुर आरटीओ को वैन नंबर के आधार पर मालिक के पतासाजी करने पत्र लिखा गया है, पत्र का जवाब आने के बाद इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी। जब्त किए गए सागौन लकड़ी की कीमत सवा लाख रूपए बताई जा रही है।

### वन विकास निगम का प्लांटेशन

जानकारों के अनुसार कोटा क्षेत्र में लकड़ी की तस्करी कई दिनों से जारी है, यहां वन विकास निगम का प्लांटेशन भी है, जहां सागौन के पेड़ लगाए गए हैं, जिसकी देखरेख में महज कुछ कर्मचारी ही तैनात रहते हैं, रात होते ही पूरा क्षेत्र सुनसान हो जाता है, ऐसे में तस्करों के लिए एक तरह की खुली छूट हो जाती है। वहीं वन विभाग की मुस्तैदी कम होते ही तस्कर सागौन की तस्करी को अंजाम देते हैं। खास बात यह है कि इस साल अब तक 3 बार वन विभाग ने सागौर की तस्करी पर कार्रवाई की है, ऐसे में कोटा क्षेत्र में विशेष तौर पर सतर्कता बरती जरूरी है।



तस्करों से जब्त लकड़ी व वाहन।

### की जाएगी कार्रवाई

वन विभाग की सतर्कता लगातार जारी है, बेरियर देखकर तस्कर भाग खड़े हुए हैं। जब्त किए गए वैन के बारे में पतासाजी की जा रही है, परिवहन विभाग से उसके मालिक की जानकारी मांगी गई है, इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-संजय यादव,** डीएफओ, वन मंडल

# शहर में रात भर रुकी 100 से अधिक आयकर अफसरों की टीम, मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार को एक बार फिर इनकम टैक्स की टीम ने छापा मारा है। आयकर विभाग की यह कार्रवाई बिलासपुर, सहित रायपुर और दुर्ग-भिलाई में की गई।

- नागपुर-इंदौर से पहुंचे थे जंबों टीम के साथ अधिकारी
- कोल्ड स्टोरेज और अनाज व्यवसायियों के गोदामों में जांच

जानकारी के मुताबिक खास बात रही कि नागपुर- इंदौर से आई 100 से अधिकारियों की टीम बुधवार रात को ही बिलासपुर पहुंच गई थी और गोपनीय जगहों पर रुकी थी। इस टीम के रुकने की जानकारी किसी भी स्थानीय अधिकारी को नहीं थी। यहीं से आयकर की यह टीम दूसरे शहरों के लिए छापामार कार्रवाई के लिए रवाना हुई। बिलासपुर में व्यापार विहार, सिरगिट्टी और तिफरा क्षेत्र के कोल्ड स्टोरेज और अनाज गोदामों में कार्रवाई। छापे में क्या मिला इसकी आधिकारिक जानकारी अभी तक नहीं दी गई है। इस बार आयकर विभाग के निशाने पर कोल्ड स्टोरेज और अनाज व्यवसायी रहे। दरअसल, कोल्ड स्टोरेज और गोदामों में अनाज की बोरियां रखी गई हैं। इनका स्टॉक मेन्टेन नहीं किया गया है। इसमें सभी कोल्ड स्टोरेज संचालकों से पूछताछ की जा रही है। आयकर विभाग को जांच में जेवर और कैश मिला है। जिसकी जांच जारी है। आयकर विभाग की टीम ने दोपहर में छापा मारा था। आईटी की टीम द्वारा लैपटॉप, कम्प्यूटर्स और डाक्यूमेंट्स की भी जांच की जा रही है। मौके पर पुलिस और सीआरपीएफ के जवान मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक अन्य राज्यों में हुई कार्रवाई में यहां भी तार जुड़ने का पता चला है। इसके बाद टीम पहुंची है।


## अधिकारी जुटा रहे हैं धान बेचने वाले किसानों की जानकारी

# जिले के डेढ़ लाख किसानों को मिलेगा दो साल का बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के डेढ़ लाख किसानों को बकाया दो साल का एक करोड़ 40 लाख का बोनस मिलेगा। प्रशासन इसके लिए पुराने बोनस का आंकड़ा जुटा रहा है।

अधिकारियों के अनुसार 13 दिसंबर को सरकार के शपथ ग्रहण के बाद मुख्यालय स्तर से इसके लिए निर्देश और लिस्ट भी जारी हो सकती है। फिलहाल जिला सहकारी बैंक साल 2016-17 और 2017-18 में धान बेचने वाले किसानों की जानकारी जुटा रही है। बिलासपुर सहकारी बैंक से जुड़े जिलों की बात करें तो संभाग के 5 लाख 26 हजार से अधिक किसानों को बोनस की राशि के तौर पर 800 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा। यह भी माना जा रहा है कि सरकार 25 दिसंबर को किसानों के खाते में बकाया बोनस के पैसे ट्रांसफर कर सकती है। जिला सहकारी बैंक के मुताबिक बिलासपुर संभाग में साल 2016-17 और 2017-18 में धान बेचने वाले किसानों की जानकारी जुटाई गई है। इसके मुताबिक तकरीबन 5 लाख 26 हजार से अधिक किसान पंजीकृत हैं, जिसमें से 52 हजार से अधिक किसानों ने धान बेचा है। इनके 300 रुपए अंतर की राशि 4.32 करोड़ रुपए एक साल का है। दो साल के बोनस की राशि अनुमानित 800 करोड़ रुपए है। अब भुगतान के लिए शासन के आदेश का इंतजार है।



### आदेश का है इंतजार

जिला सहकारी बैंक साल 2016-17 और 2017-18 में धान बेचने वाले किसानों की जानकारी जुटा रही है। सरकार के आदेश का इंतजार है।

**- आशीष दुबे,** नोडल अधिकारी, सहकारी बैंक

### बकाया बोनस देने का किया था वादा

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार थी, तब किसानों को 2016-17 और 2017-18 में धान का बोनस 300 रुपए देने का वादा किया गया था। लेकिन भाजपा सरकार ने किसानों को बोनस की राशि नहीं दी, जिसके कारण किसानों में नाराजगी थी। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने भाजपा को घेरने के लिए इसे मुद्दा बनाया। इसके साथ ही किसानों की कर्जमाफी और बकाया बोनस देने का वादा किया। कांग्रेस सरकार ने किसानों की कर्जमाफी तो की, लेकिन दो साल के बकाया बोनस की राशि नहीं दिया।

### आदेश का इंतजार, विभाग की तैयारी पूरी

ध्यान रहे कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि हर हाल में 25 दिसंबर तक बकाया बोनस की राशि किसानों के खाते में जमा करा दिया जाएगा। हालांकि, इस संबंध में अभी तक बैंक को कोई आदेश नहीं मिला है, लेकिन बैंक के अधिकारियों का कहना कि उन्होंने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। अधिकारियों के अनुसार 1 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के दौरान बैंक के अधिकारियों ने धान बेचने वाले किसानों के लिए गए कर्ज को काटकर भुगतान किया है। ज्ञात हो कि बिलासपुर जिले की 140 समितियों में 51 हजार 681 किसानों ने धान बेचा है, जिनसे 34 करोड़ 43 लाख रुपए 49 हजार रुपए कर्ज के रूप में बैंक द्वारा काट लिया गया है। ऐसे में किसानों को अब बकाया बोनस की राशि का बेसब्री से इंतजार है।


भय और भ्रष्टाचार से
मुक्ति दिलाने वाले विधायक
मा. श्री धर्मजीत सिंह ठाकुर जी
तखतपुर विधानसभा
क्षेत्र से ऐतिहासिक
जीत एवं
प्रथम नगर आगमन
की
हार्दिक
शुभकामनाए
रशीद बक्श

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली बस को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी




बिलासपुर। अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली के तहत जांजगीर चांपा जिले में 15 एवं 20 दिसम्बर को शारीरिक दक्षता एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को दो बसों में जिले के 54 युवा सवार होकर जिला रोजगार कार्यालय कोनी से जांजगीर के लिए रवाना हुए। कलेक्टर अवनीश शरण ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर ने युवाओं का उत्साह बढ़ाया और परीक्षा के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर उप संचालक, रोजगार अमर पहारे सहित अन्य लोग मौजूद थे। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जांजगीर चांपा जिले के खोखरामांठा में होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने के लिए युवाओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क बस की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। गौरतलब है कि 15 दिसम्बर को 815 युवाओं के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिले के 405 युवाओं का चयन किया गया है। इसी प्रकार 20 दिसम्बर को 703 प्रतिभागियों के लिए परीक्षा होगी। जिसमें जिले के 69 युवा शामिल होंगे। युवाओं के ठहरने के लिए प्रशासन द्वारा व्यवस्था भी की गई है। उप संचालक श्री पहारे ने बताया कि 20 दिसम्बर की परीक्षा में शामिल होने वाले युवाओं के लिए 19 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे जिला रोजगार कार्यालय कोनी से बस रवाना होगी।

### सिंधी समाज का झूलेलाल चालिहा महोत्सव आरंभ



बिलासपुर। सिंधु अमरधाम आश्रम झूलेलाल मंदिर झूलेलाल नगर चकरभाटा में श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव आरंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में पं. पूरनलाल शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई एवं ध्वज वंदन किया। साधु वासवानी मिशन पुणे की प्रमुख कृष्णा दीदी, संतलाल साईं, बरखा भाभी मां ने महोत्सव का अखंड ज्योत प्रज्वलित किया। कृष्णा दीदी ने कहा कि यह जो अखंड ज्योत जल रहा है ऐसी जोत इंसान के अंदर में भी है पर उसे लालच, पाप, झूठ फरेब से ढक दिया गया है इसलिए वह दिखाई नहीं देता है यदि उसे देखना है तो उसके लिए सच्चे विश्वास से प्रभु की भक्ति करनी होगी। सिमरन करना होगा। अपने इष्ट का नाम जपना होगा।

### वार्षिक पत्रिका मातृभाषा का विमोचन हुई मासिक साहित्य सभा



बिलासपुर। टिकरापारा स्थित बंग भवन में बंगला अकादमी की वार्षिक पत्रिका मातृभाषा का विमोचन कर मासिक साहित्य सभा आयोजित की गई। इसमें अकादमी के कुछ विशेष सदस्यों का पुष्प स्तवक, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व प्रशस्ति-पत्र से विभूषित किया गया। इसमें अशोक कुमार कुण्डू को कविराज सम्मान, सौमिक दास गुप्ता को प्रतिभा तथा प्रबाल मुखर्जी को कर्मवीर सम्मान से नवाजा गया। अनुष्ठान का शुभारंभ अकादमी गीत से किया गया। इसके बाद एकल गीत पेश कर स्वरचित काव्य पाठ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सौमिक दास गुप्ता, आरएन चटर्जी, सुब्रत बनर्जी, पार्थ सारथी बोस, अशोक कुमार कुण्डू, प्रबाल मुखर्जी, कौशिक चक्रवर्ती, रीता राय, लीना बनर्जी , मल्लिका सरकार, मौमिता चक्रवर्ती, सीमा सेन गुप्ता का सक्रिय योगदान रहा।

## निधन

### भरत लाल पाण्डेय



बिलासपुर। जोरापारा सरकंडा निवासी सेवानिवृत प्राचार्य भरत लाल पाण्डेय जरौंधा वाले का 14 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 दिसंबर को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे कपिल देव पाण्डेय तथा बुद्ध देव पाण्डेय के पिता थे।

# मसीहियों ने बाजे-गाजे के साथ निकाली क्रिसमस सद्भावना रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

संयुक्त मसीही संगठन द्वारा गुरुवार को बाजे-गाजे के साथ क्रिसमस सदभावना रैली निकाली गई। इस दौरान विभिन्न चर्चों से आई क्वायर टीम मसीही गीत गाते हुए चल रहे थे। इससे पूरा माहौल मसीहीमय हो गया था। समाज के बच्चे सेंटाक्लॉज के वेश में अन्य बच्चों को चॉकलेट बांटते जा रहे थे।

रैली बर्जेश कंपाउंड से आरंभ होकर अग्रसेन चौक, सीएमडी चौक, इंदिरा चौक, टैगोर नगर चौक, गांधी चौक, हटरी चौक, देवकीनंदन चौक, वृहस्पति बाजार चौक, राजेंद्र नगर, मंदिर चौक, इंदु चौक होते हुए बर्जेश कंपाउंड पहुंचकर समाप्त हुई। संगठन के अध्यक्ष जयदीप रॉबिन्सन एवं पास्टर अनुराग नथानियल ने बताया कि रैली बहुत ही व्यवस्थित ढंग से निकाली गई। सबसे पहले शहर के चर्चों से आए पादरी व पास्टर पैदल चल रहे थे। फिर विशेष रूप से तैयार क्रिसमस ट्री, चरनी की झांकी वाली गाड़ी थी। फिर क्वायर ग्रुप वाले मसीही गीत-बेतलहम में चमका तारा, जन्म प्रभु यीशु प्यारा...चर्च है ये चंदा चर्च है तारे...,कैसी अंधेरी ये रात, एक तारा चमका यहां..गाते हुए चल रहे थे। पिछे समाज के और लोगों की गाड़ियां थीं। इसके बाद पैदल चल रहे लोग थे। सभी मसीहियों में पर्व को लेकर काफी उत्साह दिख रहा था। सभी नए वेश में जोश के साथ रैली में चल रहे थे। रैली के समापन पर बर्जेश कंपाउंड में समाज के सभी लोगों ने सामूहिक भोज का आनंद लिया।

■ क्वायर टीमों ने दी मसीही गीतों की प्रस्तुति, सेंटाक्लॉज के वेश में बच्चों ने बांटे चॉकलेट




गुरुवार को निकाली गई क्रिसमस सद्भावना रैली में शामिल समाज के लोग।

### 17 को होगी ज्योतिर्मय आराधना

रैली के बाद अब 17 दिसंबर को चर्च में ज्योतिर्मय आराधना की जाएगी। जिसरी बनाकर गीत गाए जाएंगे। कैण्डल जलाकर ड्रामा की प्रस्तुति दी जाएगी। 18 दिसंबर को नवजवान सभा द्वारा क्रिसमस ट्री का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चे मसीही गीतों के साथ नाच, गाकर जमकर इंजॉय करेंगे। 0 से 12 साल के बच्चों को इनाम दिए जाएंगे। फिर महिला सभा की आराधना होगी।

**जगह-जगह हुआ स्वागत:** रैली का व्यापारियों सहित अन्य समाज के लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। स्वागत में चाय, नाश्ता, ठंडा पेयजल का वितरण किया गया। माला पहनाकर फूल बरसाए गए। तारबाहर नाका में एंथोनी क्रिसमस शॉप की ओर से मसीही भाईयों को चाय, बिस्किट खिला कर स्वागत किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति:** रैली के दौरान पास्टर अनिल चौहान, रामा, स्वप्निल नवगिरे, एनआर बड़ें, एंजल नथानियल नवगिरे सहित शहर एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से आए मसीहीजन भारी संख्या में उपस्थित थे।

# तीसरे गुरुवार को महिलाओं ने की देवी लक्ष्मी की आराधना

बिलासपुर। गुरुवार को अगहन मास का तीसरा गुरुवार रहा। इस दिन भी महिलाओं ने घर में पूजा कर मां लक्ष्मी की आराधना की। शाम को देवी लक्ष्मी की आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की। चावल के आटे से अल्पना बनाए गए। वहीं सदर बाजार स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में मां लक्ष्मी की विशेष पूजा कर अभिषेक किया गया।

अगहन गुरुवार का अपना एक अलग महत्व होता है। यही वजह है कि प्रत्येक गुरुवार को बड़ी शुद्धता व विधि-विधान से माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। विविध तरह के पकवान के भोग लगाए जाते हैं। वहीं सदर बाजार स्थित प्राचीन श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में अगहन मास के प्रत्येक गुरुवार को मां लक्ष्मी की विशेष पूजा की जा रही है। इसी क्रम में तीसरे गुरुवार 14 दिसंबर को भगवान के निराकार स्वरूप का अभिषेक व सप्त धान्य अर्चन किया गया। शाम छह बजे अगहन मास की कथा का वाचन किया गया। मंदिर के पुजारी प्रपन्न मिश्रा ने बताया कि इस पूजा में कई यजमानों ने कथा श्रवण कर अर्चन कराया। उन्होंने बताया कि मंदिर में ललिता सहस्रनाम अर्चन भी किया गया। यह अर्चन अलग-अलग गुरुवार को अलग-अलग चीजों से किया गया। पहले गुरुवार को अनाज से, दूसरे गुरुवार को सूखे मेवे, तीसरे गुरुवार को फल से अर्चन किया गया। चौथे गुरुवार 21 दिसंबर को अनाज, सूखे मेवे व फल तीनों चीजों से अर्चन किया जाएगा। 1008 नाम से पूजा कर ललिता सहस्त्रनाम का पाठ किया जाएगा।




## स्वदेशी मेला साइंस कालेज मैदान में आज से

बिलासपुर। साइंस कालेज मैदान में 15 दिसंबर से स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसका समापन 21 दिसंबर को होगा। यह मेला प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा।

15 दिसंबर को मेले का उदघाटन शाम 6 बजे गणेश वंदना, अरपा पैरी राजकीय गीत व अतिथि सत्कार के साथ होगा। इसमें विधायक अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, रजनीश सिंह, केशव दुबोलिया जगदीश पटेल, डा. पुर्णेन्दु सक्सेना, विधायक राम विचार नेताम, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, धरमजीत सिंह, अटल श्रीवास्तव, मेयर रामशरण यादव, अमर परवानी, कुलपति आलोक चक्रवाल, एडीएन बाजपेयी, वंशी गोपाल सिंह, डा. आरपी दुबे, डा. पीसी मिश्रा, रामानुज पुजारी, कुल सचिव गौरव शुक्ला अतिथि होंगे। मेला आयोजन समिति के सदस्य प्रवीण झा ने बताया कि शाम 7 बजे संजोही लोककला मंच के कलाकार प्रस्तुति देंगे। 16 दिसंबर को शाम 6 बजे बासुरी वादन राघव दीक्षित करेंगे। 7 बजे प्रादेशीक सांस्कृतिक समागम होगा। 17 दिसंबर को ट्रेवल एण्ड टूरिज्म बाजार का उदघाटन शाम 6 बजे द वाइस आफ बिलासपुर जूनियर करेंगे।

## एनएसएस कैंप में निजात की टीम ने छात्राओं को किया जागरूक



बिलासपुर। स्वामी आत्मानंद महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक हिन्द्री उत्कृष्ट विद्यालय की एनएसएस की छात्राओं का ग्राम हॉफा में सात दिवसीय कैंप लगाया गया है। इसमें एसपी संतोष सिंह की मुहिम निजात की टीम ने छात्राओं को जागरूक करते हुए हमेशा सकारात्मक विचार रखने की बात कही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं विवेकानंद के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। मंचस्थ अतिथियों के स्वागत के बाद एनएसएस प्रभारी राजश्री कौशिक ने शिविर की गतिविधियों की जानकारी दी। निजात से जुड़ीं रेखा गुल्ला ने कहा कि निजात संस्था की ओर से बच्चों, युवाओं को नशा नहीं करने निरंतर जागरूक किया जा रहा है। एनएसएस की छात्राएं भी प्रतिदिन निकाली जाने वाली प्रभात फेरी के समय गांव वालों को नशा नहीं करने जागरूक करें।

## ब्राह्मण युवा आयाम का परिचय सम्मेलन 17 को

बिलासपुर। ब्राह्मण युवा आयाम वैवाहिक युवक युवती परिचय सम्मेलन व परिवार मिलन समारोह का आयोजन 17 दिसंबर को सिद्धि मुस्कान भवन अशोक सरकंडा में किया जाएगा। यह कार्यक्रम दो सत्रों में होगा। प्रथम सत्र सुबह 11.30 बजे से दो दोपहर 1.30 बजे तक व दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक रहेगा। समारोह का उद्देश्य समाज के युवक युवतियों की शिक्षा, पेशा एवं ब्राहमणों के प्रकार के अनुसार डाटा संकलित कर एक परिचय पुस्तिका का प्रकाशन करना है। समिति ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## मोतियाबिंद आपरेशन में आई तेजी, रोजाना 70 ओपीडी, 20 आपरेशन

बिलासपुर। राज्य सरकार ने भले ही निजी अस्पतालों में आयुष्मान द्वारा मोतियाबिंद का आपरेशन बंद कर दिया है, लेकिन सरकारी अस्पतालों में योजना का फायदा मिल रहा है। यही कारण है कि सर्दी का मौसम आते ही बुजुर्गो द्वारा मोतियाबिंद का इलाज कराया जा रहा है, जहां इसकी ओपीडी भी बढ़ी है, वहीं रोजाना आपरेशन भी किए जा रहे हैं।

जिला अस्पताल के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मुफ्त में आंखों का इलाज किया जा रहा है, जिला अस्पताल में रोजाना 70 से 80 लोग इलाज कराने पहुंच रहे हैं। वहीं हफ्ते में दो दिन आपरेशन भी किया जा रहा है। नेत्र विशेषज्ञ डॉ मनोज सिंह ने बताया कि सर्दी के मौसम शुष्क होने के कारण वायरस और बैक्टीरिया के चलते आंखों का संक्रमण बढ़ने की संभावना अधिक होती है। जिसके चलते आंखों में रेडनेस, सूजन और पानी आने की समस्या हो जाती है। जिससे कंजेक्टिवाइटिस और पिंक आई जैसी सामान्य समस्या आम बात हो जाती है, ऐसे में ओपीडी में आंखों से संबंधित रोगों के लिए बड़ी तादात में मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी मौसम में ज्यादातर मोतियाबिंद का आपरेशन किया जाता है, जिसमें बुजुर्ग को राहत महसूस होती है, दरअसल इस दौरान सर्द मौसम होने के कारण उन्हें गर्मी महसूस नहीं होती है और आपरेशन भी जल्द सूख जाता है, जिससे कुछ ही दिनों में मरीज को राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि रोजाना 70 से अधिक मरीज अस्पताल में ओपीडी में पहुंच रहे है और हफ्ते में 20 से 30 आपरेशन किए जा रहे हैं।



### बंद है आयुष्मान से इलाज

बताया जा रहा है कि केन्द्र सरकार की योजना के तहत पहले आयुष्मान योजना द्वारा आंखों का इलाज निजी अस्पतालों में आसानी से किया जाता रहा है, लेकिन राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद तत्काल आयुष्मान योजना के तहत किए जा रहे इलाज पर रोक लगा दी गई है, जिसके बाद से आंख और महतारियों के आपरेशन बंद कर दिए गए है। यही कारण है कि सरकारी अस्पताल में जबरदस्त दबाव भी बढ़ा है।

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीलू एवं नेहा केवट पिता स्व. सीताराम केवट निवासी मछली मार्केट के पास कतियापारा बिलासपुर छत्तीसगढ़ के है जिनके पिता स्व. सीताराम एवं राजाराम, राजू, शंकर, शंभू, हेमंत, शिवनाथ, महावीर पिता धनीराम, ज्योतिन बाई पति धनीराम, किशनलाल पिता झड़ीराम के नाम पर शामिल शरिक खाते में मौजा लिंगियाडीह, पटवारी हल्का नंबर 31, स्थित भूमि खसरा नंबर 56/1, रकबा 0.107 हेक्टेयर राजस्व प्रपत्रों में दर्ज है चूंकि मेरी आसामी नीलू एवं नेहा केवट के पिता सीताराम वल्द बैसाखू की दिनांक 04.03.2023 को मृत्यु हो गई है इसलिये उपरोक्त भूमि के संबंध में मेरे आसामीगण के पिता सीताराम एवं अन्य खातेदारों के द्वारा स्व. सीताराम के जीवनकाल में निष्पादित मुख्यारनामा, स्व. सीताराम के मृत्यु दिनांक से स्वतः निरस्त हो गया है इसलिये उपरोक्त भूमि को कोई लेन-देन ना करें। मेरे आसामीगण के द्वारा उपरोक्त भूमि पर फौती नामांतरण हेतु संबंधित अधिकारी/न्यायालय में आवेदन लंबित है।

कृपया अवगत होंवे।
भवदीय
कुलदीप शर्मा
अधिवक्ता
कार्यालय मेन रोड राजकिशोर नगर
बिलासपुर छत्तीसगढ़
मो.नं.-98279 43402

# एरीना के छात्रों को इंदौर में मिले 5 पुरस्कार

बिलासपुर। एरिना एनीमेशन बिलासपुर के छात्रों ने इंदौर में आयोजित विविध प्रतियोगिता में 5 पुरस्कार जीतकर बिलासपुर का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण इंदौर में आयोजित किया गया। इसमें बिलासपुर एरिना एनीमेशन के 5 छात्रों ने विभिन्न वर्गों में पुरस्कार प्राप्त किए। एरिना के 3 डी एनीमेशन कोर्स के छात्र संतोष कुमार ने 3 डी एसेट डिजाइन में पूरे बेस्ट जोन में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसी के साथ ही सौरभ शुक्ला ने भी 3 डी एनवायरमेंट डिजाइन में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। सौरभ शुक्ला ने 3डी एनवायरमेंट डिजाइन में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। नदीम खान को मिनिमलिस्ट मूवी पोस्टर डिजाइन में दूसरा पुरस्कार मिला। वही मुस्कान सचदेव एवं सागर मानिकपुरी को 3 डी प्रोडक्ट पैक शाट डिजाइन में तृतीय पुरस्कार मिला। गौतम कश्यप ने मैगजीन कवर डिजाइन में तृतीय पुरस्कार जीता। बिलासपुर एरिना एनीमेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप गुप्ता ने बताया कि एरिना के एकेडमी हेड विवेक दुबे, सीनियर फैकल्टी अभिलाष नायडू और फैकल्टी दीपक साहू के मार्गदर्शन में बिलासपुर के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर यह पुरस्कार जीता है। श्री गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में एवीजसी उद्योग की बढ़ती सार्थकता देखते हुए एरिना एनीमेशन को अपने क्षेत्र में उत्साहजनक प्रतिसाद मिल रहा है। समाज के वंचित तथा काबिल छात्रों को एवीजीसी के क्षेत्र में प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से युवा स्कालरशिप योजना भी प्रारंभ की है। जिसमें छात्रों को उनकी टयूशन फीस में 50 प्रतिशत तक की छात्रवृति प्रदान की जाएगी। छात्रों की इस उपलब्धि पर एरिना एनिमेशन के प्रबंधन ने अपनी शुभकामना दी। छात्रों को इसी तरह मेहनत कर आगे भी सफलता प्राप्त करने प्रेरित किया।



एजुकेशन प्लस

## भगिनी मंडल शिशु मंदिर में बच्चों के व्यवहार विचलन पर मातृसभा

बिलासपुर। शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय की मानव विकास गृहविज्ञान विभाग में एमएससी की छात्राओं का आयोजनफोटो बिलासा के नामसे बिलासपुर। शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय की मानव विकास गृहविज्ञान विभाग में एमएससी की छात्राओं ने भगिनी मंडल शिशु मंदिर में बच्चों के व्यवहार विचलन विषय पर मातृसभा का आयोजन किया। मुख्य अतिथि काउंसलर कनक गोवर्धन ने माताओं को बताया कि बच्चों को उनकी गलतियों व उनकी जिद पर कैसे समझाए? उनके साथ कैसे संवाद करें ? उनके गुस्से को कैसे नियंत्रित करें तथा उन्हें सही व गलत की जानकारी किस तरह दें। अधिकतर बच्चों के ऐसा करने के पीछे मुख्य कारण तनाव होता है। यह तनाव घर में छोटे भाई-बहन का जन्म होना, माता-पिता का तलाक या परिवार में किसी प्रियजन की मृत्यु के कारण हो सकता है। इसके चलते बच्चे जिद्दी हो जाते हैं।




### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

रा.प्र.क. 202306250500026
अ-27/2022-23
ग्राम धरदेई प.ह.नं. 02

**// नोटिस //**

प्रति, 1. राजेन्द्र सिंह ठाकुर पिता स्व. हरिराम ठाकुर उम्र 61 वर्ष, निवासी ग्राम धरदेई तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) 2. राधेश्याम सिंह ठाकुर उर्फ श्यामा ठाकुर पिता स्व. हरिराम ठाकुर उम्र 63 वर्ष, निवासी ग्राम टेकारी पो. माढर कालोनी जिला रायपुर (छ.ग.) 3. बेदिन बाई ठाकुर पिता स्व. हरिराम ठाकुर उम्र 73 वर्ष, निवासी ग्राम लिमतरा पो. गतौरा तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) 4. सुशीला बाई ठाकुर पिता स्व. हरिराम ठाकुर उम्र 70 वर्ष, निवासी ग्राम नगोई तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) 5. सुनीता बाई ठाकुर पिता स्व. हरिराम ठाकुर उम्र 58 वर्ष निवासी दीपक किराया भंडार के पीछे अश्वनी नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी निवारण सिंह ठाकुर पिता स्व. हरिराम ठाकुर उम्र 68 वर्ष निवासी ग्राम धरदेई पो. बावली तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार सरगांव के रा.प्र.क. 20211225100 0032/अ-27/2021-22 पक्षकार राजेन्द्र सिंह ठाकुर विरूद्ध निवारण सिंह वगैरह में पारित आदेश दिनांक 25/01/2023 से क्षुब्ध होकर छ0ग0भू0रा0संहिता की धारा 44 (1) के तहत अपील प्रस्तुत किया गया है। जिस पर इस न्यायालय में रा0प्र.क्र. 20230625050 0026 / अ-27 / 2022 - 23 पक्षकार निवारण सिंह विरूद्ध राजेन्द्र सिंह ठाकुर वगैरह ग्राम धरदेई तहसील सरगांव दर्ज किया गया है। जिसकी सुनवाई तिथि 22/12/2023 को प्रातः 11 बजे नियत है। अतः आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 6.12.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल - जूना बिलासपुर, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्र./क/सीमांकन/रा.नि./2023
जूना बिलासपुर, दिनांक 24/11/2023

प्रति,
> सुनीता मौर्य/राजेंद्र मौर्य (आवेदक )
> प्रमोद रायकेश
> मोहन
> सर्वसम्बन्धित हितबद्ध पक्षकार

विषय: सीमांकन के समय उपस्थित रहने बाबत् ।
संदर्भः न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र./क/तह/वा./23 दिनांक 23/11/2023

ग्राम - तोरवा, प.ह.नं.- 37, रा.नि.मं. - जूना बिलासपुर, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 764/2, 764/65 रकबा 0.053, 0.177 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु सुनीता मौर्य (7000470870) पिता/पति राजेंद्र मौर्य जाति, निवासी तोरवा बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है।

न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 22/12/2023 को समय 10:00am से 5:00pm को किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अत: आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी |

टीप:- आवेदक को आदेशित किया जाता है कि सीमा-चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदुर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें ।

(अशोक कुमार सोनी)
राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**/ / ईश्तहार //**

ग्राम अमेरी तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री बशर मोहम्मद शेख पिता स्व.अमीर मोहम्मद, निवासी- तालापारा बिलासपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम अमेरी स्थित भूमि खसरा नं. 505/18 रकबा 0.077 हे. भूमि आवेदक के स्वामित्व की भूमि है। उक्त भूमि वर्तमान रिकार्ड में अनावेदकगण पन्नालाल सूर्यवंशी के नाम पर दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार कर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ.रा. तखतपुर में छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय को जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक **29/12/23** तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 12/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

### आम-सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी दशरथ यादव पिता स्व. श्री दुखीराम यादव, उम्र 54 वर्ष, जाति- यादव, व्यवसाय कृषि, निवासी- बहतराई जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के स्वत्व, स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 974/1 में से रकबा 0.073 हेकटेयर 0.18 एकड़ एवं खसरा नं. 974/2 रकबा 0.737 हेकटेयर 1.82 एकड कुल 2.00 एकड़ भूमि ग्राम खमतराई, प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. कोनी, तह. एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, जिसे भूमि स्वामी द्वारा खरीददार मेरे आसामी के पास विक्रय करने का पक्का सौदा तय कर एडवांस की राशि प्राप्त किया है। उक्त भूमि की रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालय के समक्ष निकट भविष्य मे होना निश्चित है। यदि उक्त खसरा नं. की भूमि के विक्रय के संबंध मे किसी बैंक, निकाय, वित्तीय संस्था अथवा व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर संपूर्ण दस्तावेज सहित निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकते है, समय बाद की गई आपत्ति झूठा व अमान्य माना जावेंगा । सो सूचित हो.

दिनांक : 12/12/2023
स्थान - बिलासपुर
दशरथ यादव
(भूमि स्वामी)

भवदीय
हेमलता साहू अधिवक्ता
अभिलाषा परिसर, बिलासपुर
Mob- 9329344455

### समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर छ.ग.

**शपथ पत्र**

मैं मनीष सिंह ठाकुर उम्र 44 साल, पिता श्री बांके सिंह ठाकुर, जाति क्षत्रीय सामान्य वर्ग निवासी अशोका पॉम मिडोज डूंडा रायपुर जिला रायपुर छ.ग. का हूं, जो निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करता हूं 1. यह कि मेरी पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा में है जिसका पॉलिसी क्रमांक 383060454 है। 2. यह कि उपरोक्त पॉलिसी के बॉड पेपर पर मेरा चिदानंद सिंह ठाकुर दर्ज हो गया। 3. यह कि यह कि मेरे आधार कार्ड पैन कार्ड बैंक वगैरह एवं अन्य सभी दस्तावेजो पर मेरा नाम मनीष सिंह ठाकुर दर्ज है जो कि सही व सत्य है। 4. यह कि उपरोक्त शपथ पत्र को मै उपरोक्त कथन के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं। 5. यह कि पॉलिसी पेपर पर नाम सुधार हेतु हरिभूमि पेपर में प्रकाशन किया गया है। 6. यह कि पॉलिसी बॉड पेपर में नाम दर्ज करने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता मनीष सिंह ठाकुर

-: सत्यापन :-

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र में लिखी हुई सभी बातें मेरी स्वयं की जानकारी के अनुसार सही एवं सत्य है, जिसे मैं आज दिनांक 14.12.2023 को स्थान बिलासपुर छ.ग. में पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूं।

शपथकर्ता मनीष सिंह ठाकुर

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सीपत तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**सीमांकन बाबत सूचना**

क्रमांक/Q/रा.नि./सीपत/2023
सीपत, दिनांक 14/12/2023

प्रति, 1. अभिनव उभरानी पिता कैलाश चंन्द्र 2. सुशील कुमार पि. भोलाराम सा. सोनगंगा कालोनी, चांटीडीह बिलासपुर 3. मंजू पति सुशील कुमार सा. सोनगंगा कालोनी, चांटीडीह बिलासपुर 4. अजय ठाकुर पिता जयनारायण सिंह सा.तोरवा 5.सहदेव वगै. पि. भिखारी सा. पंधी 6. घासीराम पि. बैसाखू वगै. सा. पंधी

विषय :- सीमांकन के समय स्थल पर उपस्थित रहने बाबत।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक अभिनव उभरानी जाति सिंधी निवासी बिलासपुर तह. बिलासपुर द्वारा जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम पंधी (म.न. 2) पहनं. 18 रा.नि.म. सीपत तह. मस्तूरी, स्थित भूमि ख.न. 50/3 रकबा 0.376 हे. आवेदनानसार आवेदित भूमि के सीमांकन हेतु माननीय तहसीलदार ना.तहसीलदार महोदय के ज्ञापन क्रमांक/तह./ना./अति. तह./वाचक 2023 /सीपत दिनांक 04.12.2023 के अनुसार ज्ञापन प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 19-12-2023 को समय 1: 00 बजे किया जाना है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अत: उक्त तिथि को आप अपने भूमि संबंधी दस्तावेजो के साथ समय पर स्थल पर रहना सुनिश्चित करे। इस भूमि से संलग्न प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हितबद्ध व्यक्ति भी उक्त तिथि को अपने भूमि संबंधी दस्तावेजो के साथ समय पर स्थल पर रहना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

टीप :- अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.म. सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

### समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर छ.ग.

**शपथ पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुमनलता विश्वकर्मा पिता स्व. श्री शंकर लाल विश्वकर्मा पति श्री मगन लाल विश्वकर्मा निवासी, हाउस नं. बी. 30 सृष्टि संस्कृति कालोनी वीसाईड हाऊसिंग वोर्ड कालोनी परसदा पोस्ट भरनी गनियारी तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. पिन 495112 की हूं, जो निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करती हूं : 1. यह कि मैं अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम सुमन विश्वकर्मा पिता स्व. श्री शंकर लाल विश्वकर्मा पति श्री मगन लाल विश्वकर्मा रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्थशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नये नाम सुमन विश्वकर्मा पिता स्व. श्री शंकर लाल विश्वकर्मा पति श्री मगन लाल विश्वकर्मा से ही जाना पहचाना जावें

यह कि उपरोक्त कथन के समर्थन में यह शपथ पत्र निष्पादित करती हूँ ।

शपथकर्ती- सुमनलता विश्वकर्मा

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्री विकास कुमार निहलानी एंव अन्य के द्वारा अधिकृत होकर उनसे प्राप्त सूचना के आधार पर आम जनता को सूचित करता हूँ कि:- यह कि मेरे पक्षकार ने श्री दुर्गेश पाण्डेय, पिता श्री संतोष कुमार पाण्डेय निवासी आजाद नगर तेलीपारा बिलासपुर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति स्थित मौजा जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 36, तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित खसरा नंबर 723/263 कुल रकबा 260 वर्गफुट स्थित है जिसको खरीदने हेतु पक्का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामी से कर लिया है। जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन भविष्य में होना तय है।

यदि उपरोक्त संपत्ति किसी व्यक्ति, संस्थान, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तीय संस्थान, सहकारी संस्था, प्रायवेट बैंक अथवा अन्य किसी भी प्रकार का कोई हित हो अथवा बंधक / भार द्वारा ऋण प्राप्त किया गया हो, तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 03 दिवसों के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति दर्ज करावें। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार रजिस्ट्री करने हेतु स्वतंत्र होगा।

अस्तु सूचना जाने।

भवदीय
(पंकज खेड़कर) अधिवक्ता
कार्यालय- पोस्ट ऑफिस गली
टिकरापारा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9827177013

Health Town

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर: सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय गुरु घासीदास मेला 18 से

**बिलासपुर।** ग्राम परसदा, पेंडारी स्थित सतधाम अमृतकुंड भरनी में 18 दिसंबर से तीन दिवसीय गुरु घासीदास मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसके आयोजक उमादत्त धिलहरे ने बताया कि इस मेले में भारत सहित अन्य प्रदेशों तथा छग अंचल के कोने कोने से हजारों पंथीनृत्य कलाकार अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन करने हर साल यहां आते हैं। पंथी नृत्य कलाकारों के दल को समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है। 19 दिसंबर को उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुन्नूलाल मोहले, धर्मजीत सिंह ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

### अमेरी फाटक के पास मिली अज्ञात लाश

**बिलासपुर।** अमेरी फाटक के पास गुरूवार सुबह एक व्यक्ति काफी देर से नाला किनारे लेटा हुआ था। दिन चढ़ने के साथ ही उसके शरीर में कुछ हरकत नहीं हुई तो लोगों ने पास जाकर देखा। उस व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। जिसके बाद सकरी पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस वहां पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए। उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। सकरी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शव में किसी प्रकार की चोट नहीं है। आसपास के लोगों से जानकारी ली गई तो कोई भी उसे नहीं पहचानता हालंकि एक दिन पहले कुछ लोगों ने उसे फेरी लगाते हुए देखा था।

### सूने मकान में चोरी करने वाला नाबालिग गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सूने मकान में चोरी करने वाले नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से चांदी के हाथी सहित अन्य जेवर की जब्ती की है। देवरीखुर्द निवासी प्रवेन्द्र बुंदेला ने 10 अक्टूबर को अज्ञात चोरों द्वारा अपने घर में अलमारी का लॉकर तोडकर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर, नगदी और चांदी का हाथी चोरी होने की शिकायत तोरवा थाना में दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने जांच टीम बनाते हुए अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिरों से सूचना मिली की एक नाबालिग इस मामले में संलिप्त है। जिसके आधार पर पुलिस ने नाबालिग को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू की। बालक ने चोरी करना स्वीकार किया। तोरवा पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी गया चांदी का हाथी, पायल, चांदी का अंगूठी, सोने का टॉप्स 2 नग, सोने की फुल्ली सहित अन्य जेवर बरामद किया है।

### पिता का फोन नहीं लगा तो बच्चों को रॉड से मारा

**बिलासपुर।** विद्युत नगर तिफरा में पिंटू केसरी ने एक व्यक्ति को कॉल नहीं लगने पर बच्चों पर रॉड से हमला कर दिया। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है। विद्युत नगर तिफरा निवासी केशव पिता नेहरूलाल साहू कक्षा 12 वीं का छात्र है। 13 दिसंबर की सुबह 11 बजे पिंटू केसरी नेहरूलाल के घर पहुंचा। उस समय नेहरूलाल घर में नहीं था। पिंटू ने उसके बेटे केशव से उसके पिता को कॉल करने कहा। केशव ने अपने पिता को फोन लगाया पर फोन नहीं लगा। इस बात से नाराज पिंटू ने केशव को थप्पड़ मारते हुए हाथ में रखे रॉड से उसके दोनों कंधे पर वार किया। साथ ही गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# 5 साल पहले भेजा बर्न यूनिट का प्रस्ताव, लंबित होने से मरीज हो रहे रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सिम्स में व्यवस्थित बर्न यूनिट तैयार करने 5 साल पहले ही केन्द्र सरकार ने प्रस्ताव मांगा था, लेकिन जगह की कमी के कारण अबतक इस पर काम नहीं हो सका है। वहीं इलाज के अभाव में मरीजों को रिफर कर दिया जा रहा है। गुरूवार को नेवरा के अनुरूद्ध पोर्ते को डाक्टरों ने महज मरहम पट्टी कर रायपुर कर दिया, जिसके बाद सिम्स के व्यवस्थाओं की पोल खुल रही है।

- सिम्स में सुविधा नहीं मिलने से भटकते हैं परिजन

23 सालों में सिम्स में इलाज की गाड़ी पटरी पर लाते-लाते कई डीन और एमएस बदले जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद मरीजों को अब तक असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि आगजनी में झुलस रहे मरीज को अंतिम समय में रिफर कर दिया जाता है, जबकि मरीज और परिजन बेहतर इलाज के आस में ही सिम्स की चौखट पर पैर रखते हैं। गुरूवार को नेवरा पंचायत के अनुरूद्ध पोर्ते पिता लालसाय पोर्ते आग तापने के दौरान आगजनी की शिकार हो गए, वे लगभग 50 फीसदी जल चुके हैं, उन्हें इलाज के लिए सिम्स में लाया गया था, दो दिन तक इलाज करने के बाद डाक्टरों ने परिजनों से अब इलाज नहीं कर पाने का बहाना बना दिया, जिसके बाद परिजनों ने श्री पोर्ते को लेकर रायपुर ले जाने की बात कही, जिस पर अस्पताल प्रबंधन ने मरीज का रिफरल बना दिया। इस दौरान मरीज के बड़े भाई जमुना प्रसाद पोर्ते ने कहा कि संभाग के बड़े अस्पताल में इलाज नहीं हो पा रहा है, ऐसे में यहां आने वाला मरीज अपने आप को ठगा महसूस करता है।

### अव्यवस्था के चलते बिगड़ता है केस




### प्लास्टिक सर्जरी के डाक्टर नहीं

खास बात यह है कि सिम्स के बर्न यूनिट की हालत खराब है, दीवारों पर सीपेज मौजूद हैं, वहीं हर समय डाक्टर भी मौजूद नहीं होता है, नर्स और वार्डबॉय के भरोसे बर्न यूनिट संचालित किया जा रहा है। हालत यह है कि सिम्स में प्लास्टिक सर्जरी और ग्राफ्टिंग के लिए स्पेशलिस्ट डाक्टर तक मौजूद नहीं हैं, ऐसे में यहां आने वाले ज्यादातर मामले रिफर कर दिए जाते हैं, परिजन भी इलाज ना मिलने पर मायूस होते हैं, कई बार मरीजों को अपनी जान तक गंवानी पड़ जाती है।

### प्रस्ताव भेजे गए हैं

प्रस्ताव भेजे गए हैं, लेकिन सिम्स में बर्न यूनिट को विस्तारित करने के लिए जगह की कमी है, ऐसे में यूनिट को विस्तार नहीं दिया जा सका है, शासन द्वारा नई जगहें दिलाने पर या पुरानी बिल्डिंग के उन्नयन के बाद ही बर्न यूनिट को विकसित किया जा सकेगा। रिफर करने की वजह अलग-अलग हो सकती है, इस बारे में कुछ नहीं कह पाउंगा।

**-डॉ सुजीत नायक,** एमएस, सिम्स

## जबलपुर के केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण और श्रम न्यायालय में अपील की

# पांच राज्यों के 400 से अधिक अप्रेंटिस कोल इंडिया के खिलाफ जबलपुर लेबर कोर्ट पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



नौकरी की मांग को लेकर जबलपुर श्रम न्यायालय पहुंचे अप्रेंटिस।

प्रशिक्षण के बाद नियमितीकरण की मांग कर रहे अप्रेंटिस अब कोल इंडिया के खिलाफ जबलपुर लेबर कोर्ट पहुंच गए हैं। नौकरी की मांग कर रहे इन युवाओं ने जबलपुर के केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण और श्रम न्यायालय में अपील किया है।

- युवाओं ने साल भर पहले एसईसीएल मुख्यालय के गेट को बंद कर हल्ला बोला था

5 से अधिक राज्यों छग, मप्र, ओड़ीसा, उप्र, बिहार से पहुंचे 400 से अधिक युवाओं ने प्रदर्शन भी किया। इन युवाओं के मुताबिक साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) बिलासपुर, समेत कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सभी आनुषांगिक कंपनी में आईटीआई अप्रेंटिस के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसईसीएल में वर्तमान में 5500 लोग अप्रेंटिस कर रहे हैं। इनकी मांग है कि कंपनी में मेनपावर की कमी बनी हुई है और नियमित प्रवृत्ति के कार्य में उन्हें संलग्न कर काम कराया जा रहा है। एक साल के प्रशिक्षण के बाद लेकिन उन्हें अब नौकरी के लिए भटकना पड़ रहा है। युवाओ ने रिक्त पदों को भरने के लिए नियमित भर्ती की मांग की। हालांकि एसईसीएल प्रबंधन के मुताबिक नियमितीकरण का कोई प्रावधान नही है। इसकी जानकारी पहले ही दी जा चुकी है और अनुबंध के बाद ही अप्रेंटिसशिप कराया जा रहा है। गौरतलब है कि एसईसीएल बिलासपुर में अप्रेंटिस कर चुके युवाओं ने साल भर पहले एसईसीएल मुख्यालय के गेट को बंद कर हल्ला बोलते हुए आंदोलन किया था। अधिकारी-कर्मचारियों को अंदर जाने से रोका गया था। इससे पहले लगातार दो महीने से अधिक समय तक एसईसीएल मुख्यालय के गेट के सामने धरना भी दिया गया था। उस दौरान एसईसीएल के अधिकारियों ने इन युवाओं के पक्ष में जल्द फैसला लेने का आश्वासन देते हुए धरना खत्म कराया था। इसके बाद लेकिन युवाओं की कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई।

### ट्रेडवार और नामों की सूची सौंपी

इन युवाओं ने जबलपुर से फोन पर हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि रोजगार की मांग को लेकर एसईसीएल में अप्रेंटिस पर काम करने वाले आईटीआई प्रशिक्षित बेरोजगार लगातार आंदोलन कर रहे हैं। इस दौरान कई दौर की प्रबंधन से उनकी बात हो चुकी है। पिछली बार बैठक में एसईसीएल के डायरेक्टर पर्सनल ने उन्हें आउटसोर्सिंग में रखे जाने का भरोसा दिलाते हुए ट्रेडवार और नामों की सूची बनाकर देने के लिए कहा था। इस पर युवाओं ने उन्हें सूची भी उपलब्ध कराया था। इसके बाद भी अब तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। इन युवाओं के अनुसार एसईसीएल प्रबंधन उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है और उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है।

### 3 लाख कर्मचारी हो चुके सेवानिवृत्त

एसईसीएल में अप्रेंटिस पर काम करने वाले आईटीआई प्रशिक्षित कई ट्रेड के हैं। इसमें फीटर, कम्प्यूटर और दूसरे ट्रेड शामिल हैं। इन युवाओं ने बताया कि कोल इंडिया में लगभग तीन लाख नियमित कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं जबकि कोल इंडिया में अप्रेंटिसों की संख्या लगभग 25 हजार है। इसके साथ ही कोयला उत्पादन पहले की अपेक्षा 10 गुना बढ़ गया है और खदानों का विस्तार भी हुआ है। प्रत्येक माह सेवानिवृत्ति की वजह से मेनपावर कम होते जा रहा है। प्रबंधन नई भर्ती भी नहीं कर रहा है, ऐसी स्थिति में सभी अप्रेंटिसों को रोजगार दिया जा सकता है। इससे अप्रेंटिसशिप करने के बाद लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा।



जिला अस्पताल में शेड के बाहर खड़े हो रहे वाहन।

# 10 लाख खर्च कर बनाया शेड, अब रख दिया है कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

कोविड काल के दौरान जिला अस्पताल में परिजन शेड बनाया गया था, इस शेड के नीचे मरीज और परिजन कुछ देर के लिए आराम से खड़े रह सकते थे, लेकिन प्रबंधन की लापरवाही का अंदाजा इसकी बात से लगाया जा सकता है कि इस शेड के नीचे कबाड़ भर दिया गया है, जिस पर ताला जड़ दिया जाता है, ऐसे में परिजनों के खड़े रहने के लिए भी जगह परिसर में नहीं है। ऐसे में उन्हें धूप और गर्मी से बेहाल होना पड़ता है।

- मरीज और परिजन सहते हैं धूप और गर्मी

जिला अस्पताल में प्रबंधन की मनमानी मरीजों के लिए मुसीबत साबित हो रही है, कोविड काल के दौरान करीब 10 लाख रूपए खर्च कर परिजन शेड का निर्माण कराया गया था, लेकिन अब इस शेड में परिजन की जगह कबाड़ को रख दिया गया है। बताया जा रहा है कि सिविल सर्जन ने फरमान निकालकर इस शेड में कबाड़ रखने का आदेश दिया था, ऐसे में अब परिजनों को धूप और गर्मी से बेहाल होना पड़ रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी निरीक्षण के दौरान यह कबाड़ नहीं दिखता है। खास बात यह है कि शेड मरच्यूरी के पास ही बना है, ऐसे में कई बार शव का पंचनामा और पीएम कराने के दौरान रोता बिलखता परिवार भी परिसर में ही आंसू बहाता रहता है, लेकिन उन्हें भी इस शेड की छांव नसीब नहीं होती है, इस बारे में सिविल सर्जन को कई बार सुझाव भी प्राप्त हो चुका है लेकिन प्रबंधन की लापरवाही चरम पर पहुंच चुकी है।

### तीन से चार घंटे खड़े रहते हैं परिजन

मातृ एवं शिशु अस्पताल हो या मरच्यूरी यहां पहुंचने वाले परिजनों को परिसर में ही खड़ा रहना पड़ता है, खास बात यह है कि सिम्स की तरह यहां बैठने का स्थान नहीं है। वहीं अस्पताल में घूमने वाले परिजनों को गार्ड बाहर निकाल देते हैं। ऐसे में परिजनों के पास इस शेड के अलावा कोई ठिकाना नहीं है। परिजन कई बार 3 से 4 घंटे बाहर में खड़े होकर अपने मरीज का हाल चाल लेते रहते हैं।

### जानकारी नहीं है

परिजन शेड काफी पहले बनाया गया है, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। सिविल सर्जन को जानकारी होगी, उन्हें ही इस बारे में पता होगा।

**-डॉ. आशांक बंजारे**
आरएमओ, जिला अस्पताल

# दो महीने बाद फिर से लगेगी आचार संहिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अभी विधानसभा चुनाव की आचार संहिता दो माह बाद कुछ दिनों पहले ही खत्म हुई है। वहीं, अब लोकसभा चुनाव के लिए भी आचार संहिता लगने का समय नजदीक आने लगा है। ऐसे में दो महीने बाद फिर से आचार संहिता लगने से सभी अधिकारी फिर से पुनरीक्षण सहित अन्य कार्यों में व्यस्त हो जाएंगे और लोगों को फिर से विभिन्न कार्यों के लिए इंतजार करना पड़ेगा।

- लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटा निर्वाचन आयोग

अधिकारियों के अनुसार छह जनवरी 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा शेड्यूल जारी कर दिया गया है। वहीं, मुख्य निर्वाचन आयोग से आए इस शेड्यूल को जारी किया जा चुका है। इसके अलावा आठ फरवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। वहीं कहा जा रहा है कि मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद कभी भी आचार संहिता लग सकती है। दरअसल विधानसभा चुनाव खत्म होते ही अब लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के तिथियां जारी कर दी गई हैं। इसकी शुरुआत 20 दिसंबर से हो रही है।

इस दौरान मतदाता सूची में किसी भी प्रकार का संशोधन करने के साथ ही नए नाम भी जोड़े जा सकते हैं। इसके अलावा मतदान केंद्रों की पुनर्व्यवस्था, अनुभागों का गठन, मतदान केंद्रों, अनुभाग सीमाओं के स्थान प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप दिया जा सकेगा। इसके अलावा निर्वाचक नामावली में खराब फोटो की जगह उच्च गुणवत्ता वाली फोटो को भी अपडेट किया जाएगा।

### 6 से 22 जनवरी तक जोड़े, हटाए जाएंगे नाम

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। छह से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन का कार्य किया जाएगा। पुनरीक्षण कार्यक्रम के मुताबिक, राज्य में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन छह जनवरी 2024 को किया जाएगा। छह से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के संबंध में दावा-आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। आठ फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। ज्ञात हो कि बिलासपुर लोकसभा में कुल 17 लाख 27 हजार 235 वोटर हैं। इसमें 8 लाख 89 हजार 222 पुरुष मतदाता तो 8 लाख 38 हजार 103 महिता वोटर हैं।

### 13 और 14 जनवरी को विशेष शिविर

अधिकारियों के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने के साथ ही संशोधन के लिए शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा। चूंकि विधानसभा के दौरान लंबे समय तक यह कार्य किया गया, इसलिए लोकसभा चुनाव के दौरान इसके लिए शिविर का समय कम दिया जा रहा है। यह शिविर सभी अनुभागों में 13 और 14 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद इसके लिए दावा आपत्ति मंगवाई जाएगी। इसके लिए छह से 22 जनवरी 2024 तक का समय तय किया गया है। उक्त अवधि में मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की दावा-आपत्ति होने पर आवेदन दिया जा सकता है।

### शेड्यूल आ गया है

मतदाता संबंधी सभी कार्य के लिए शेड्यूल आ गया है। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नए नाम जोड़ने के साथ ही संशोधन सहित मतदाता संबंधी सभी कार्य करवाए जा सकेंगे। इसके अंतिम प्रकाशन की तिथि आठ फरवरी 2024 तय की गई है।

**- शिव बनर्जी,** अतिरिक्त कलेक्टर

### ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा 19 को

**बिलासपुर।** भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण के लिए जन योजना अभियान 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। 2 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक अभियान के दौरान जिला पंचायत, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायत में सामान्य सभा व ग्राम सभा का आयोजन कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कार्य योजना का निर्माण किया जाना है। ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण के लिए ग्राम सभा का 19 दिसंबर को समस्त ग्राम पंचायतो में होगी। कलेक्टर अवनीश शरण ने सभी ब्लॉक के सीईओ को इस संबंध में दिशा-निर्देश देते हुए पत्र जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा है कि ग्राम सभा में जीपीडीपी निर्माण के लिए एलएसडीजी कि 9 थीमों में से कम से कम 1 थीम पर संकल्प लेकर वाईब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल में उसकी एण्ट्री करना है। चयनित संकल्प को पूर्ण करने संबंधित गतिविधियों की प्राथमिकता निर्धारित किया जाए।

# एयू में शुरू हुई नान टीचिंग पदों पर भर्ती प्रक्रिया, सीयू ने दी नियुक्ति

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में नान टीचिंग के पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया विधानसभा चुनाव के बाद फिर से शुरू होने जा रही है। यूनिवर्सिटी द्वारा नान टीचिंग के पदों प्रोग्रामर के लिए 20 दिसंबर व कुलपति के निज सहायक एवं स्टेनो टायपिस्ट के लिए 21 दिसंबर को लिखित परीक्षा आयोजित करने जा रही है।

एयू की ओर से नान टीचिंग के इन पदों के लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र अपने वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है।

### सीयू में नान टीचिंग पदों पर नियुक्ति

इधर विधानसभा चुनाव के बाद गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में भी इंटरव्यू व लिखित परीक्षा प्रक्रिया के बाद नान टीचिंग और टीचिंग दोनों पदों पर नियुक्ति हुई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग संपन्न होने के बाद इंटरव्यू की प्रक्रिया चालू हो गई थी और 1 दिसंबर को कार्य परिषद की बैठक में चयनित उम्मीदवारों के नाम का अनुमोदन हुआ, उसके बाद उम्मीदवारों का नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन रतनपुर में 17 को

**बिलासपुर।** झेरियानामा कुम्मकार समाज रतनपुर राज द्वारा विवाह योग्य युवक युवतियों का छग स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन 17 दिसंबर रविवार को महामाया रतनपुर मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। झेरियानामा कुम्भकार समाज रतनपुर ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# बुजुर्ग महिला के साथ धोखाधड़ी, ऑटो में बैठे दो युवकों ने सोने के हार व कंगन किया पार

**बिलासपुर।** बुजुर्ग महिला के साथ ऑटो में बैठे दो लोगों ने उठाईगीरी कर ली। महिला के सोने के गहनों को निकालकर उन्हें एक ऑटो से उतारकर दूसरे ऑटो में बैठा दिया गया। बुजुर्ग को कुछ समझ आता उससे पहले दोनों अज्ञात युवक वहां से फरार हो गए। मामला सिविल लाइन क्षेत्र का है।



अयोध्या नगर निवासी जयश्री कोरी 68 वर्षीय गुरुवार दोपहर 1 बजे घर से नूतन चौक जाने निकली थीं। इस दौरान मेन रोड से महाराणा प्रताप चौक तक वे ऑटो से पहुंची, वहां पहले से खड़े दो अज्ञात युवकों ने उन्हें नूतन चौक छोड़ने की बात कहते हुए ऑटो में बैठा लिया। फिर दोनों ने बुजुर्ग महिला के सोने के हार, कंगन को उतरवाकर एक पोटली बना ली। कुछ दूर जाने के बाद दोनों युवकों ने उन्हें वेयर हाउस के पास उतारा और अपने पास पहले से रखी हुई दूसरी पोटली देते हुए उन्हें दूसरे ऑटो में बैठा दिया। महिला कुछ समझ पातीं इससे पहले ही दोनों अज्ञात युवक वहां से फरार हो गए। बुजुर्ग महिला ने अपने परिजन को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद उन्होंने अपने परिजन के साथ सिविल लाइन थाना पहुंचकर घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कराई।

बुजुर्ग के साथ उठाईगीरी होने की जानकारी के बाद पुलिस ने संबंधित क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है।

### भोजपुरी टोल प्लाजा के मैनेजर को युवकों ने पीटा, शिकायत दर्ज

**बिलासपुर।** टोल प्लाजा में ओवरलोड ट्रकों को रोककर शुल्क लेने पर दो युवकों ने कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करते हुए मैनेजर से मारपीट की, जिसके बाद टोल प्लाजा के मैनेजर ने हिर्री थाना पहुंचकर मामले में शिकायत दर्ज कराई है। सुमित चौधरी पिता बलवी सिंह 28 वर्ष भोजपुरी टोल प्लाज के मैनेजर हैं। 13 दिसंबर की रात 12 बजे तनु जैन और साहिल पठान अपनी कार से वहां पहुंचे और टोल प्लाजा के कर्मचारी सुरेंद्रर सिंह, सतीष और अमरीश से टोल प्लाजा में ट्रक को क्यों रोका कहकर विवाद करने लगे। मैनेजर सुमित चौधरी बीच बचाव के लिए वहां पहुंचे तो दोनों युवकों ने उनके साथ भी गाली गलौच करते हुए मारपीट की और दोबारा ट्रकों को टोल प्लाजा में रोकने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद टोल प्लाजा के मैनेजर ने हिर्री थाना में मामले के संबंध में शिकायत दर्ज कराई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-

बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकागेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि: स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

## खबर संक्षेप

### मुक्तिधाम, सार्वजनिक स्थलों सहित विभिन्न स्थानों पर की गई सफाई



**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नगरपालिका मुंगेली अंतर्गत मारवाड़ी मुक्तिधाम में साफ-सफाई की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनुभव सिंह ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करने हेतु नगरपालिका अंतर्गत विभिन्न स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा जिले के ग्राम खाम्हीकुर्मी के स्कूल, ग्राम पंचायत भवन के पास तथा सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर आमजनों को जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही स्कूली बच्चों को अपने आसपास और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा लोगों को सफाई हेतु जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। गौरतलब है कि ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

### सीएमएचओ ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण



**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने जिला चिकित्सालय में समस्त ओपीडी, आयुष क्लीनिक तथा 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सकों तथा स्टॉफ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश प्रभारी आवासीय चिकित्सा अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि आयुष क्लीनिक में प्रतिदिन 18 से 20 ओपीडी देखी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिला अस्पताल में दंत रोग कक्ष, नाक, कान, गला रोग कक्ष, ऑपरेशन थियेटर कक्ष सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया और पाई गई कमियों को दूर करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने एनसीडी कक्ष का भी निरीक्षण किया, जहां मरीजों का बीपी, शुगर एवं ईसीजी की जांच करना पाया गया। इस दौरान डॉ. के. एस. कंवर, डॉ. हिना पारख सहित नर्स उपस्थित थे।

### कलेक्टर-एसपी गुरु घासीदास कार्यक्रम की तैयारियों का लिया



**मुंगेली।** जिले में लोरमी विकासखंड के लालपुर थाना में 18 दिसंबर को गुरुघासीदास जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर की जा रही तैयारियों का कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने वहां टेंट एवं पंडाल व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, साफ सफाई, बेरिकेटिंग, लाइटिंग, साउंड सिस्टम, हेलीपेड व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि 18 दिसंबर के पूर्व सभी तैयारी सुनिश्चित हो जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आना चाहिए। पुलिस अधीक्षक सिंह ने पार्किंग, कारकेड, वाहन व्यवस्था, कानून व्यवस्था, ट्रैफिक रूट चार्ट आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, एसडीएम लोरमी प्रवीण तिवारी सहित संबंधित अधिकारी और समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### गुरूघासीदास जयंती को शुष्क दिवस घोषित

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राहुल देव ने आदेश जारी कर गुरूघासीदास जयंती 18 दिसंबर को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने 18 दिसंबर को जिले के समस्त देशी मदिरा की दुकानें सी.एस.-2(घघ), देशी मदिरा की दुकानें सी.एस.-2(घघ कम्पोजिट) शॉप, विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल.-1 (घघ) की फुटकर दुकानें, मद्य भण्डारण भाण्डागार तथा एफ. एल. 3 होटल बार और होटल सिटी पैलेस बंद रखे जाने एवं जिले में स्थित आसवनी मेसर्स भाटिया वाईन मर्च. प्रा.लि. धूमा में मदिरा परेषण का आयात-निर्यात व परिवहन पूर्णतः निषिद्ध किए जाने हेतु आदेश जारी किया है।

हरिभूमि आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## पालकों ने चंदा कर बुलाए अतिथि शिक्षक

# झझपुरीखुर्द स्कूल में शिक्षकों की कमी, बच्चों का भविष्य अंधेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

चल जाबो पढे.बर जिनगी ल गढे बर का नारा हर स्कूलों की दिवारों पर लिखे मिलेंगे पर स्कूल में शिक्षक ही नहीं रहेंगे तो बच्चों के भविष्य का क्या होगा। एक ओर प्रदेश में सरकार बच्चों की शिक्षा में गुणवत्ता लाने व गरीब बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा दिलाने के लिए आत्मानंद स्कूल चला जा रही है, वहीं दूसरी ओर स्कूलों में शिक्षकों की कमी से बच्चों का भविष्य अंधेरे में है।

झझपुरी खुर्द में सिर्फ दो शिक्षकों के भरोसे स्कूल चल रहा है। शाला में 103 बच्चे हैं जिनको पढ़ाना दो शिक्षकों के लिए काफी दिक्कत वाली बात हो रही है। शिक्षा विभाग इस समस्या का समाधान करता दिखाई नहीं दे रहा है। एक प्रधान पाठक और एक शिक्षक के भरोसे 103 बच्चों को छोड़ना विभाग की लापरवाही और शिक्षा के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। शिक्षा विभाग का ध्यान इस ओर कतई नहीं है। बता दे पालकों ने विभाग की अव्यवस्था पर काफी नाराजगी जाहिर की है।




### पालकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

स्कूल में शिक्षक की व्यवस्था जल्द नहीं होने पर बच्चों के पालकों में काफी नाराजगी बढ़ रही है। जिसेके कारण आंदोलन करने की बात कही जा रही है। पालकों ने अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति चिंता जताकर एक अच्छी पहल की है। उन्होंने चंदा इकठ्ठा कर शासकीय प्राथमिक शाला में गांव के शिक्षित बेरोजगार को अस्थाई रूप से अतिथि शिक्षक बनाया है, लेकिन उन्हें इंतजार है कि शिक्षा विभाग कब हरकत में आएगा एवं स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था करेगा।

### अभिभावक नाराज

प्रधान पाठक बलराम साहू ने बताया कि लंबे समय से स्कूल में शिक्षकों की कमी है जिनके कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। गांव के लोगों से पढ़ाई कार्य कराया जा रहा है ताकि बच्चों की पढ़ाई न रुके पर विभाग ने अब तक झांकने नहीं आया है। जिनके कारण अभिभावक नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

### व्यवस्था सुधारी जाएगी

सभी स्कूलों की जानकारी मंगाई जाएगी। जहां-जहां शिक्षकों की कमी है। वहां निरीक्षण के पश्चात व्यवस्था सुधारी जाएगी।

-**गेंदलाल चतुर्वेदी**, जिला शिक्षा अधिकारी, मुंगेली



# कलेक्टोरेट में नदारद रहे अधिकारी-कर्मचारी, नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर राहुल देव ने गुरुवार की सुबह 10 बजे जिला कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय पर अनुपस्थित पाए गए, जिसे देखकर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जाहिर की और शासन के कार्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता मानते हुए सभी अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर विभागीय कामकाज को निपटाएं। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिले में बेहतर क्रियान्वयन करें।

बता दें कि शासन के निर्देशानुसार शासकीय अवकाश को छोड़कर प्रतिदिन 10.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी को कार्यालय में उपस्थित होकर विभागीय कामकाज संपादित किया जाना है। जिले में निर्वाचन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद प्रशासनिक कामकाज में कसावट लाने कलेक्टर ने विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया और अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### इन विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस

कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, अंत्यावसायी, आबकारी, खनिज, श्रम, आदिवासी विकास, जिला योजना सांख्यिकी, पीएमजीएसवाई, महिला एवं बाल विकास, सहकारिता, खाद्य, विपणन, राजस्व शाखा, आवक-जावक शाखा, भू अभिलेख शाखा एवं अन्य विभागों के उच्च अधिकारी सहित कई अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय पर अनुपस्थित पाए गए, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# तखतपुर विस सतनाम महासंघ के अध्यक्ष बने अखिलेश



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास खांडेकर प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव खांडे के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ के बिलासपुर जिला अध्यक्ष बिहारी सिंह टोडर ने तखतपुर विधानसभा का विधानसभा स्तरीय पदाधिकारी का गठन किया। इसमें अध्यक्ष अखिलेश कोसले, कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रशांत अनंत, तखतपुर शहर अध्यक्ष शैलेंद्र आहुजा, उपाध्यक्ष श्याम प्रकाश टंडन, विवेकानंद दिनकर, नरेंद्र दिनकर, कोमल दिनकर, रमेश संते, कौशल माथुर, विधानसभा महासचिव दिलीप कुर्रे, रामकुमार कुर्रे, प्रमोद कुर्रे, पंकज मेरशा, भानु प्रताप अनंत, सचिव मनोज खरे, दुर्गेश कुर्रे, सुरजीत माथुर, ओम प्रकाश सोचें, टेकचंद बंजारे, शिवकुमार गहरे, संतोष आदिल, रितेश खुटे, शेरसिंह अनंत, कायकरिणी सदस्य शिवा बघेल, अजय बघेल, वेद प्रकाश बघेल, प्रशांत अनंत, राहुल अनंत, देवकांत भास्कर, दिलीप पात्रे लक्ष्मी खांडे, संतराम लहरे, गुलशन जांगड़े, सुनील बंजारे,अमन बख्शी, लव कुमार, अश्वनी अनंत, परमेश्वर लहरे, राजकुमार खांडे, बुधारी खांडे, मणिशंकर खांडे, जगत राम, सुरेंद टंडन, भूपेंद्र बघेल, राजू दिनकर आदि है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव खांडे, जिला अध्यक्ष बिहारी सिंह टोडर, जिला उपाध्यक्ष डेविड अनंत, जिला सचिव कृष्ण जांगडे, जिला सचिव ऋषि चतुर्वेदी, रामचंद्र बंजारे, राजू खांडे, दिलीप सोनवानी सहित समाज के बड़ी संख्या में मुखिया गण एवं सदस्य गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ के जिलाध्यक्ष बिहारी सिंह टोडर ने कहा कि जिला और तखतपुर ब्लाक कार्यकारिणो को भंग किया गया था, जिसके कारण 10 दिसंबर को तखतपुर विधानसभा की कार्यकारिणी घोषित की गई है और आगामी निर्धारित तिथि को जिला कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। इसके साथ ही सभी ग्राम इकाई की कार्यकारिणी यथावत रहेगी। कुछ ग्राम इकाई के अध्यक्ष को हटाया गया है, उनके स्थान पर नए लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी।

# ग्राम पंचायतों में 19 को होगी विशेष ग्रामसभा

**मुंगेली।** जिले की ग्राम पंचायतों में 19 दिसंबर को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। ग्रामसभा में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर राहुल देव ने ग्राम सभा के आयोजन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत (डीपीडीपी, बीपीडीपी व जीपीडीपी) विकास योजना निर्माण हेतु जन योजना अभियान 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। 31 मार्च 2024 तक अभियान के दौरान जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायतों में क्रमशः सामान्य सभा व ग्रामसभा का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कहा कि विशेष ग्रामसभा के एजेंडा में जीपीडीपी निर्माण हेतु एलएसडीजी की 09 थीमों में से कम से कम 01 थीम पर ग्रामसभा पोर्टल में एण्ट्री करना सुनिश्चित करें। चयनित विकल्प को पूर्ण करने हेतु संबंधित गतिविधियों की प्राथमिकता निर्धारित किया जाए। ग्राम सभा की बैठक में लाईन विभाग से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत किया जाए। प्रारूप जीपीडीपी में समस्त विभाग की योजनाओं के साथ-साथ लो कास्ट-नो कास्ट गतिविधियों को भी सम्मिलित किया जाए।

■ योजनाओं के संबंध में दी जाएगी जानकारी

कलेक्टर ने कहा कि पंचायतों के कार्ययोजना में स्वच्छ भारत मिशन 2023-24 वार्षिक कार्ययोजना अनुसार अनिवार्य गतिविधियों-कार्यों को जोड़ने हेतु अनुमोदन कराएं। ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में शौचालय विहीन परिवार का चिन्हांकन एवं उनकी सूची का अनुमोदन उपरांत जनपद पंचायत-जिला पंचायत को प्रेषण करें। ओ.डी.एफ. प्लस के मापदण्डों को पूरा करने वाले ग्रामों को ओ.डी.एफ. प्लस घोषित करने की घोषणा किया जाए। गोबरधन योजनांतर्गत स्थापित बायोगैस संयंत्रों के समुचित उपयोग एवं संधारण हेतु जिम्मेदारी का निर्धारण करें। ग्रामसभा में लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की विडियो रिकार्डिंग किया जाए तथा विडियो का ग्रामसभा निर्णय मोबाईल एप्प में उपयोग कराई जाए। ग्राम सभा संकल्प एवं गतिविधियों को वाइब्रेट ग्राम सभा पोर्टल एवं जीपीडीपी पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड किया जाए। उन्होंने 19 दिसंबर को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन कर कार्यवाही का प्रतिवेदन उप संचालक पंचायत कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।



## केवाईसी के लिए गैस कनेक्शनधारियों की लग रही कतार

**तखतपुर।** गैस सिलेण्डर की सब्सिडी पाने के लिए इन दिनों ई केवाइसी के लिए गैस कनेक्शन धारी एचपी गैस कार्यालय के बाहर कतार लगकर केवाइसी करा रहे हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में दोनों राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषणा की गई थी कि गैस सिलेण्डर में सब्सिडी दी जाएगी छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद जनता को भरोसा है कि घोषणा पत्र में किए गए वादे के अनुसार सब्सिडी में सिलेण्डर मिलेगा। केंद्र सरकार गैस सिलेण्डर देने की तैयारी कर रही है इसके लिए घरेलू गैस कनेक्शन धारी गैस एजेंसी के आफिस में लाईन लगकर ई केवाइसी करा रहे हैं। ताकि पात्र हितग्राहियों को सब्सिडी का लाभ मिल सके नगर में एचपी गैस कनेक्शन धारी लगभग 4 हजार है। जिसमें लगभग 3 हजार कनेक्शन धारियों ने ई केवाइसी करा ली है ऐसे कनेक्शन धारी जो ई केवाइसी नहीं कराते हैं उनका भविष्य में गैस कनेक्शन निरस्त हो जाएगा। वर्तमान में 31 दिसम्बर तक सभी गैस कनेक्शन धारी को ई केवाइसी कराना अनिवार्य है।

### कलेक्टर ने किया जिले में स्थानीय अवकाश घोषित

मुंगेली। कलेक्टर राहुल देव ने कैलेण्डर वर्ष 2024 के लिए जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उन्होंने आदेश जारी कर 15 जनवरी सोमवार को मकर संक्रांति/पोंगल, 2 सितम्बर सोमवार को पोला तथा 11 अक्टूबर शुक्रवार को दशहरा महानवमी के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार उक्त तिथियों में कोषालय/उपकोषालय खुले रहेंगे

## मदकू द्वीप में होगी राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा



**सरगांव।** मदकू द्वीप में 13,14 जनवरी को राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मदकू द्वीप में उक्त आयोजन की रूपरेखा तैयार करने हेतु एक प्रारम्भिक बैठक का आयोजन किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी शांताराम के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में डॉ प्रकाश सिंह ठाकुर (निवर्तमान संचालक, शारीरिक शिक्षा,रविवि रायपुर) डॉ अतुल शुक्ला (निवर्तमान क्रीड़ा अधिकारी) सेवा राम साहू (छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ) के द्वारा राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन हेतु आवास, भोजन, चिकित्सा,जल, स्वच्छता, मैदान निर्माण, स्वागत, सुरक्षा आदि मुख्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उद्घाटन एवं समापन समारोह में विशिष्ट जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के संबंध में निर्णय लिया गया। डॉ प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि इस आयोजन में राज्य की श्रेष्ठ कबड्डी टीमों को आमंत्रित किया जाएगा जिससे क्षेत्र के खेल प्रेमियों को अच्छी कबड्डी देखने का आनंद प्राप्त हो सके। राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता की तैयारी हेतु अगली बैठक 30 दिसंबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिता की रूपरेखा का अंतिम स्वरूप तय किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से वासुदेव वोपचे, चंद्रशेखर दुबे, डॉ नरेन्द्र मिश्रा, कोमल मरावी (जिला कबड्डी संघ, मुंगेली) श्रीहरिहर क्षेत्र केदार द्वीप सेवा समिति मदकू के पदाधिकारी जीवन लाल कौशिक, मनीष मिश्रा, भगवती प्रसाद मिश्र, विजय सिंह ठाकुर, मनीष साहू, परस साहू, प्रमोद दुबे, संतोष शर्मा आदि उपस्थित रहे।



## विधायक अटल ने कहा- रतनपुर की जलधार योजना होगी पहली प्राथमिकता

**रतनपुर।** कोटा के नवनिर्वाचित विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा है कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण मैंने चुनाव जीता है। रतनपुर क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं के लिए सजग रहते हुए मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना और रतनपुर की जलधार योजना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि रतनपुर में दिया तले अंधेरा है क्योंकि यहा दो बड़े-बड़े डैम होते हुए भी रतनपुर नगर के लोगो को पानी के लिए भटकना पड़ता है। विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि जल आवर्धन योजना मेरी पहली प्राथमिकता होगी जिससे रतनपुर के हर वार्ड में एक साल के अंदर पानी पहुंचे। इसके पूर्व रतनपुर पहुंचने पर नगर के कांग्रेसियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद श्री श्रीवास्तव ने मां महामाया का दर्शन किया। महामाया चौक से कार्यकर्ताओं के साथ पैदल शहर भ्रमण करते हुए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। नगर में घूमते हुए रैली महामाया चौक पहुंचकर आम सभा में बदल गई, जहां पर स्थानीय नेताओं सहित श्री श्रीवास्तव ने जनसभा को संबोधित किया कार्यक्रम का मंच संचालन मदन क़हरा ने एवं आभार प्रदर्शन शीतल जायसवाल ने किया। इस अवसर पर अजय श्रीवास्तव, अभय नारायण राय, तैयब हुसैन, महेंद्र गंगोत्री, गौरव दुबे, आनंद जायसवाल, सुभाष अग्रवाल, मदन क़हरा, दामोदर सिंह, यूनुस मेमन, अभिषेक मिश्रा, पुष्पकांत, रामगोपाल कहरा, नीरज जायसवाल, मिर्जा हारून, शिवा पांडे, एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जल यात्रा निकालकर महिलाओं ने किया गांव की भ्रमण



**जरहागांव।** भक्ति से सराबोर गांव की महिलाओं ने जल कलश लेकर गांव का भ्रमण करते हुए भागवत कथा स्थल पहुंचे। इसके उपरांत भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। ग्राम के रामखिलावन साहू के निवास पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जलयात्रा के साथ कथा प्रारंभ की गई, जिसमें समस्त ग्रामवासियों का सहयोग प्राप्त हुआ। जलयात्रा साहू निवास स्थान से होते गांव के तालाब से जल लेकर कथा मंच तक पहुंची। संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ को सफल बनाने भरत लाल साहू, रामखिलाव साहू, इतलेश साहू जुटे हुए हैं। कथा व्यास पं रविप्रसाद दुबे द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है।



## 110 दिव्यांगजन का किया गया पंजीयन एवं जांच

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक राहुल देव के निर्देशानुसार बीआरसी भवन मुंगेली में विकासखंड स्तरीय दिव्यांगजनों के लिये चिन्हांकन एवं आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिविर में अस्थि बाधित के 38, मानसिक मंदता के 20, दृष्टिबाधित के 29 श्रवण बाधित के 23 सहित कुल 110 लोगों का पंजीयन एवं जांच किया गया और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में दिव्यांग बच्चे एवं उनके पालक व स्कूल के शिक्षक सहित कुल 220 लोग उपस्थित हुए। जिला चिकित्सालय के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. नारायण साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेश खांडे, ई.न.टी. विशेषज्ञ डॉ.कमलेश, मानसिक रोग विशेषज्ञ डा.संजय ओबेराय एवं अन्य चिकित्सकों के दल द्वारा समस्त दिव्यांग बच्चो की जांच किया गया।

